# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

**माननीय प्रबन्ध परिषद की 25वीं(आकस्मिक) बैठक दिनाँक 07 दिसम्बर, 2013 का कार्यवृत्त**

माननीय प्रबन्ध परिषद की 25वीं(आकस्मिक) बैठक दिनाँक 07 दिसम्बर, 2013 को अपरान्ह् 03:30 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई।

बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डा0 हरि शंकर गौड़, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री प्रभुदयाल वाल्मीकि, मा0 विधायक | सदस्य |
| 3. | श्री संगीत सिंह सोम, मा0 विधायक | सदस्य |
| 4. | श्री देवाशीष पाण्डा, प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान | सदस्य |
| 5. | श्री रणबीर सिंह, लाइव स्टाक ब्रीडर | सदस्य |
| 6. | डा0 के0सी0 सिंह, प्राचार्य कृषि वैज्ञानिक | सदस्य |
| 7. | चौ0 मनोज प्रधान, प्रगतिशील कृषक | सदस्य |
| 8. | श्रीमती भारती शर्मा, सामाजिक महिला कार्यकत्री | सदस्य |
| 9. | डा0 एस0के0 कौशिक, संयुक्त निदेशक, आई0सी0ए0आर0 प्रतिनिधि | सदस्य |
| 10. | श्री पारसनाथ सिंह, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 11. | श्री नरेन्द्र कुमार, उप कृषि निदेशक(भूमि संरक्षण), मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 12. | श्री सत्येन्द्र कुमार, वित्त नियंत्रक | सचिव |

मा0 कुलपति जी द्वारा माननीय प्रबन्ध परिषद के सभी सम्मानित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करने की घोषणा की गयी।

07/12/13      7/12/13

**प्रस्ताव संख्या 25.1 : विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या–I/2013 द्वारा पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सक्षम स्तर से गठित की गयी चयन समितियों की संस्तुतियों पर विचार किया जाना।**

शासन द्वारा स्वीकृत पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के पदों से सम्बन्धित विज्ञापन संख्या I/2013 के माध्यम से विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों हेतु साक्षात्कार दिनांक 28.11.2013, 29.11.2013, 30.11.2013 एवं 04.12.2013 को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित किये गये। 25वीं (आकस्मिक) बैठक में मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा साक्षात्कार के 19 बन्द लिफाफो को खोला गया। विधिवत गठित चयन समिति की संस्तुति पर मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा निम्नलिखित श्रेष्ठता सूची का अनुमोदन करते हुए श्रेष्ठता सूची में चयनित प्रथम अभ्यर्थी तथा उनके न आने, या अस्वीकार करने पर संस्तुत प्रतीक्षा सूची से वरीयता क्रम में अगले संस्तुत अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र जारी करने के लिये माननीय कुलपति जी को अधिकृत किया गया।

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | कैटेगरी (पद सं0) | साक्षात्कार का दिनांक | मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया पैनल। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | AssociateProfessor, Animal Genetics and Breeding | OBC (01) | 28.11.2013 | NFS |
| 2 | Assistant Professor, Animal Genetics and Breeding | Gen (01) | 28.11.2013 | Atul Gupta S/o S.C. Gupta |
| | | OBC (01) | | Absent |
| 3 | Professor, Anatomy | एकल (01) | 28.11.2013 | Sanjay Balkrishna Banubakode S/o B.G.R. Banubeakoda |
| 4 | Assistant Professor Anatomy | Gen (01) | 28.11.2013 | Jasvinder Singh Sasan S/o G. S. Sasan |
| 5 | Assistant Professor Public Health & Epidemiology | Gen (01) | 28.11.2013 | 1- Shriya Rawat D/o R. S. Rawat<br>WL1 -Dr. Jinu Manoj D/o John |
| 6 | Assistant Professor, Vet. Biochemistry/ Biotechnology | Gen (01) | 29.11.2013 | 1- Vinay Ganeshra Joshi S/o G. L. R. Joshi<br>WL1- Koushlesh Ranjan S/o N.K. Prasad |
| 7 | Assistant Professor, Veterinary Parasitology | Gen (01) | 29.11.2013 | 1- Shivani Sahu D/o D. Sahu<br>WL1- Abhishek Gupta S/o Ashok Gupta |
| | | OBC (01) | | Prem Sagar Maurya S/o S. K. Maurya |

07/12/13 7/12/13

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | Assistant Professor, Veterinary Physiology | Gen (01) | 29.11.2013 | 1- Rakesh Kr Singh S/o R. P. Singh<br>WL1- Rajesh Kumar S/o Ram Singh<br>WL2- Anil Kumar Singh S/o L. S. Singh |
| | | OBC (01) | | 1- Gulab Chandra S/o Ram Shanker |
| 9 | Associate Professor, Veterinary Pathology | Gen (01) | 30.11.2013 | Aarti Bhatele D/o I.R. Bhatele |
| 10 | Assistant Professor, Veterinary Pathology | OBC (01) | 30.11.2013 | Vikash Jaiswal S/o P.Lal Gupta |
| 11 | Associate Professor, Veterinary Microbiology | Gen (01) | 30.11.2013 | 1- Rajeev Singh S/o B. N. Singh<br>WL1- Asis Bhatta Charya S/o Ram Ranjan Bhattacharya |
| 12 | Assistant Professor, Veterinary Microbiology | Gen (01) | 30.11.2013 | 1- Harshit Verma S/o R. Verma<br>WL1- Anuj Tewari S/o R. Tewari<br>WL2- Bincy Josiph D/o T.P. Josiph |
| 13 | Associate Professor, Livestock Product Technology | Gen (01) | 30.11.2013 | NFS |
| 14 | Professor, Animal Nutrition | एकल (01) | 04.12.2013 | NFS |
| 15 | Associate Professor, Animal Nutrition | Gen (01) | 04.12.2013 | NFS |
| 16 | Assistant Professor, Animal Nutrition | Gen (01) | 04.12.2013 | NFS |
| 17 | Professor, Livestock Production & Management | एकल (01) | 04.12.2013 | NFS |
| 18 | Associate Professor, Livestock Production & Management | Gen (01) | 04.12.2013 | Dhirendra Kumar S/o RP Singh (Subject to Prior approval of VCI) |
| | | OBC (01) | | Amit Kumar S/o Raghuraj Singh (Subject to Prior approval of VCI) |
| 19 | Assistant Professor, Livestock Production & Management | Gen (02) | 04.12.2013 | 1- Amit Kr Srivastava (LPM) S/o M M. Srivastava<br>2- Manoj Kr Singh (Poultry) S/o Mahipal Singh<br>WL1- Alok Kumar Yadav S/o G P Yadav<br>WL2- Deepak Upadhyay S/o N K Upadhyay<br>WL3- Ahmad Fahim S/o Aijaz Ahmad |

07/12/13

7/12/13

विज्ञापन संख्या–I/2013 द्वारा विज्ञापित जिस पद पर उम्मीदवार न आने अथवा न होने के कारण साक्षात्कार नही हो सका अथवा कोई उपयुक्त नही पाया गया है, उसके लिए 15 दिन के अन्दर पुनः विज्ञापित किये जाने की स्वीकृति दी गयी।

**(कार्रवाईः–कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्या 25.2 अन्य प्रस्ताव**

**प्रस्ताव संख्या–25.2.1** मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों को और अधिक प्रभावी एवं गतिशील बनाने के सम्बन्ध में व्यापक विचार विमर्श हुआ। कृषि विज्ञान केन्द्रों को सीधे गावों से जोड़ने की दिशा में विश्वविद्यालय द्वारा कदम उठाये जायें तथा कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक गाँवों में भ्रमण करें। इस हेतु एक रोस्टर बनाकर किसानों के हित में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, नई विकसित की गयी प्रजातियों एवं शोध से किसानों को सीधे लाभान्वित किया जाये। आधुनिक कृषि यंत्रों एवं मशीनरी के सम्बन्ध में जानकारी सम्बन्धित किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों के माध्यम से सुनिश्चित की जाये ताकि Cost of cultivation में कमी लाया जाना सम्भव हो सके। विचार–विमर्श के दौरान यह भी संस्तुति की गयी कि किसानों को प्रेरित करने के लिए सौर ऊर्जा से संचालित पम्पिंग सेट का प्रदर्शन कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किया जाये।

**प्रस्ताव संख्या–25.2.2** प्रमुख सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा अपेक्षा की गयी कि विश्वविद्यालय में मॉडल प्रक्षेत्र विकसित किया जाये तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उगाई जाने वाली फसल विशेषकर गन्ना, गैहूँ आदि हेतु प्रयोग होने वाले आधुनिक कृषि यंत्रों एवं मशीनरी के प्रदर्शन किसानों को प्रेरित करने के लिए विश्वविद्यालय तथा विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों पर लगाये जायें। इसके लिए आवश्यकतानुसार कृषि विज्ञान केन्द्रों में भी माडल प्रक्षेत्र विकसित किया जायें ताकि किसान प्रेरित होकर अपने प्रक्षेत्र में भी आधुनिक कृषि यंत्रों/मशीनरी का प्रयोग करते हुए Cost of cultivation में कमी ला सके। उक्त उद्‌देश्य की पूर्ति करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

**प्रस्ताव संख्या–25.2.3** कृषि उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए उच्च गुणवत्ता के बीजों के महत्व पर चर्चा की गयी। विचार विमर्श के दौरान मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा यह तथ्य प्रकाश में लाया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा

देश में विकसित की जा रही विभिन्न प्रजातियों के बीजों का उत्पादन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। परन्तु इसका पूरा लाभ किसानों तक नहीं पहुँच पा रहा है। प्रयास किये जायें कि किसानों द्वारा ऐसे प्रमाणीकृत बीज अपने प्रक्षेत्र पर तैयार किये जायें ताकि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी न्यूनतम दर पर नवीनतम विकसित प्रजातियाँ एवं उत्तम गुणवत्ता के बीज सुगमता से प्राप्त हो सकें। प्रमुख सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान द्वारा अपेक्षा की गयी कि विश्वविद्यालय/कृषि विज्ञान केन्द्रों पर बीजोत्पादन से लेकर उसके Testing, Processing & Packaging की व्यवस्था करायी जाये। इस हेतु एक प्रस्ताव तैयार कर उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किये जाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

अन्त में सचिव मा0 प्रबन्ध परिषद द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

07/1/13

**(सत्येन्द्र कुमार)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद

अनुमोदित

7/1/13
**(डा0 हरि शंकर गौड़)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद